
मध्य प्रदेश

Madhya Pradesh

# कटनी में नकली गुटखा फैक्ट्री से बड़ी खेप जब्त, सप्लाई चेन कहां तक? जल्द होगा खुलासा



**कटनी :** शहर के माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित बंगला लाइन के एक मकान में नकली गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़. पुलिस ने मंगलवार तड़के छापेमारी कर नकली गुटखा की खेप, रैपर और गुटखा पैक करने की मशीन बरामद की है. माधवनगर **थाना प्रभारी संजय दुबे** ने बताया "मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापा मारा. मौके पर पाया गया कि 'लहर' ब्रांड के नाम से नकली गुटखा तैयार कर उसकी पैकिंग की जा रही थी."

फैक्ट्री में इस्तेमाल होने वाली पैकेजिंग मशीन और रैपर के साथ-साथ बड़ी मात्रा में तैयार नकली गुटखा जब्त किया गया है. सभी गुटखों पर नकली लेबल और मिलावटी सामग्री के संकेत मिले. इन पैकेट्स पर लगा लेबल कानूनी तौर पर पंजीकृत उत्पादों की नकल कर रहा था.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/katni-police-raid-fake-gutkha-factory-seize-large-consignment-investigation-supply-chain-revealed-mps26071503596